**Series EF1GH/C** **Set-4**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **357**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# व्यवसाय प्रबंध
# BUSINESS ADMINISTRATION

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* *अधिकतम अंक : **60***

*Time allowed : **3** hours* *Maximum Marks : **60***

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **24** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

- Please check that this question paper contains **15** printed pages.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **24** questions.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *कृपया निर्देशों को ध्यान से पढ़ें ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्डों में **24** प्रश्न हैं : **खण्ड क** और **खण्ड ख** ।*

*(iii)* ***खण्ड क** में वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं जबकि **खण्ड ख** में विषयपरक प्रकार के प्रश्न हैं ।*

*(iv)* *दिए गए (6 + 18) = 24 प्रश्नों में से, उम्मीदवार को 3 घंटे के आबंटित (अधिकतम) समय में (6 + 11) = 17 प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*(v)* *किसी विशेष खण्ड के सभी प्रश्नों को सही क्रम में करने का प्रयास किया जाना चाहिए ।*

*(vi)* ***खण्ड क** : वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न (30 अंक) :*

- *(a) इस खण्ड में **6** प्रश्न हैं ।*
- *(b) कोई नकारात्मक अंकन नहीं है ।*
- *(c) दिए गए निर्देशों के अनुसार कीजिए ।*
- *(d) प्रत्येक प्रश्न / भाग के सामने आबंटित अंकों का उल्लेख किया गया है ।*

*(vii)* ***खण्ड ख** : विषयपरक प्रकार के प्रश्न (30 अंक) :*

- *(a) इस खण्ड में **18** प्रश्न हैं ।*
- *(b) उम्मीदवार को **11** प्रश्न करने हैं ।*
- *(c) दिए गए निर्देशों के अनुसार कीजिए ।*
- *(d) प्रत्येक प्रश्न / भाग के सामने आबंटित अंकों का उल्लेख किया गया है ।*

## खण्ड क

### (वस्तुनिष्ठ प्रश्न) **(30 अंक)**

**1.** रोज़गार कौशल पर दिए गए ***6*** प्रश्नों में से किन्हीं ***4*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । *4×1=4*

(i) निम्नलिखित में से कौन-सा स्प्रेडशीट का एक घटक ***नहीं*** है ?

(a) सैल (b) कॉलम
(c) नाम बक्सा (d) टूल बक्सा

(ii) __________ परेशान, व्याकुल तथा निराशाजनक महसूस करने की स्थिति है ।

(a) आक्रामकता (b) तनाव
(c) प्रसन्नता (d) क्रोध

(iii) पागलपन-संबंधी व्यक्तित्व विकार से पीड़ित व्यक्ति _________ के लक्षण दर्शाता है ।

(a) पृथक होना तथा उदासीनता
(b) शक
(c) आवेगशीलता
(d) हमदर्दी (समानुभूति) की कमी

***General Instructions :***

*(i)* *Please read the instructions carefully.*

*(ii)* *This question paper consists of **24** questions in **two** Sections : **Section A** and **Section B**.*

*(iii)* ***Section A** has Objective type questions whereas **Section B** contains Subjective type questions.*

*(iv)* *Out of the given (6 + 18) = 24 questions, a candidate has to answer (6 + 11) = 17 questions in the allotted (maximum) time of 3 hours.*

*(v)* *All questions of a particular section must be attempted in the correct order.*

*(vi)* ***Section A** : Objective Type Questions (30 marks) :*
- *(a)* *This section has **6** questions.*
- *(b)* *There is no negative marking.*
- *(c)* *Do as per the instructions given.*
- *(d)* *Marks allotted are mentioned against each question/part.*

*(vii)* ***Section B** : Subjective Type Questions (30 marks) :*
- *(a)* *This section has **18** questions.*
- *(b)* *A candidate has to do **11** questions.*
- *(c)* *Do as per the instructions given.*
- *(d)* *Marks allotted are mentioned against each question/part.*

## SECTION A

**(Objective Type Questions)** **(30 marks)**

**1.** Answer any ***4*** out of the given ***6*** questions on Employability Skills. *4×1=4*

(i) Which of the following is ***not*** a component of spreadsheet ?

(a) Cell (b) Column

(c) Name box (d) Tool box

(ii) __________ is a state of feeling upset, overwhelmed and hopeless.

(a) Aggression (b) Stress

(c) Happiness (d) Anger

(iii) A person suffering from paranoid personality disorder may exhibit symptoms of __________.

(a) Detachment and indifference

(b) Distrust

(c) Impulsiveness

(d) Lack of empathy

(iv) गूगल शीट __________ के समान है ।

(a) माइक्रोसॉफ्ट एक्सल (b) माइक्रोसॉफ्ट वर्ड

(c) माइक्रोसॉफ्ट डीओसीएक्स (d) माइक्रोसॉफ्ट पेज

(v) अन्य लोगों के साथ काम करने की योग्यता के लिए __________ की आवश्यकता है ।

(a) संगठनात्मक कौशल (b) अंतर्वैयक्तिक कौशल

(c) सृजनात्मक कौशल (d) संचार कौशल

(vi) उद्यमिता की पृष्ठभूमि न रखने वाले उद्यमियों के प्रकार का नाम दीजिए ।

**2.** दिए गए *7* प्रश्नों में से किन्हीं *5* प्रश्नों के उत्तर दीजिए । $5\times1=5$

(i) "प्रबंध में परस्पर संबंधित कार्यों की शृंखला सम्मिलित होती है ।" इस कथन में प्रबंध की कौन-सी अवधारणा पर प्रकाश डाला गया है ?

(a) प्रबंध एक क्रिया के रूप में

(b) प्रबंध एक पेशे के रूप में

(c) प्रबंध एक प्रक्रिया के रूप में

(d) प्रबंध एक समूह के रूप में

(ii) एक संगठन में समान प्रकार की गतिविधियों का समूह बनाने की प्रक्रिया का नाम दीजिए ।

(a) विभागीकरण (b) संरचनाकरण

(c) प्रक्रियण (d) दल बनाना

(iii) "नीतियों तथा उद्देश्यों का निर्धारण उच्च स्तर पर किया जाना चाहिए तथा दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों के लिए अधिकार अधीनस्थों को दिए जाने चाहिए ।" प्रबंध के सिद्धांत की पहचान कीजिए ।

(a) पहल

(b) सोपान शृंखला

(c) केन्द्रीकरण तथा विकेन्द्रीकरण

(d) सहयोग की भावना

(iv) __________ अभिप्रेरणा ऐसे कार्यों में महत्त्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती है जिनमें उच्च स्तर का कौशल तथा सृजनात्मकता सम्मिलित है ।

(a) बाह्य (b) आंतरिक

(c) पुरस्कार-आधारित (d) वित्तीय

(v) __________ प्राप्त करने वाले द्वारा संदेश भेजने वाले के लिए उत्तर है ।

(a) प्रतिक्रिया (b) डिकोडिंग

(c) एनकोडिंग (d) अभिलेखन

(iv) Google Sheet is similar to ____________ .

(a) Microsoft Excel (b) Microsoft Word
(c) Microsoft Docx (d) Microsoft Page

(v) The competencies required to work with other people are considered as _________.

(a) Organisational skills (b) Interpersonal skills
(c) Creative skills (d) Communication skills

(vi) Name the type of entrepreneurs who do not have any entrepreneurship background.

**2.** Answer any **5** out of the given **7** questions. *5×1=5*

(i) "Management comprises of series of interrelated functions." Which concept of management is highlighted in the statement ?

(a) Management as an activity
(b) Management as a profession
(c) Management as a process
(d) Management as a group

(ii) Name the process of grouping the activities of similar nature in an organisation.

(a) Departmentalisation (b) Structuring
(c) Processing (d) Teaming

(iii) "Policies and objectives should be determined at the top level and authority for day-to-day activities should be given to subordinates." Identify the principle of management.

(a) Initiative
(b) Scalar chain
(c) Centralisation and decentralisation
(d) Esprit de corps

(iv) __________ motivation plays an important role in jobs which involve high level of skill and creativity.

(a) Extrinsic (b) Intrinsic
(c) Reward-based (d) Financial

(v) ___________ is the receiver's response to the message sent by the sender.

(a) Feedback (b) Decoding
(c) Encoding (d) Recording

(vi) सूचना प्रौद्योगिकी का कोई एक लाभ दीजिए ।

(vii) "ग्राहक का परिप्रेक्ष्य समझना, गुणात्मक उत्पाद प्रदान करना तथा उनकी माँग पूरी करना", व्यवसाय का कौन-सा सामाजिक दायित्व है ?

**3.** दिए गए ***7*** प्रश्नों में से किन्हीं ***6*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । *6×1=6*

(i) वैज्ञानिक प्रबंध की उस तकनीक का नाम दीजिए जो किसी विशिष्ट कार्य के लिए प्रयुक्त मशीन पर मशीन प्रचालक की गति का अध्ययन करती है ।

(ii) उस आवश्यकता का नाम दीजिए जिसमें कर्मचारी की इच्छा, स्नेह, भाईचारा तथा मित्रता सम्मिलित हैं ।

(iii) अपने पद के कारण जो नेता उद्यम में आदर प्राप्त करने में सफल होता है, उसका प्रकार क्या कहलाता है ?

(iv) गैर-मौखिक संचार में निम्नलिखित में से कौन-सा सम्मिलित ***नहीं*** किया जाता है ?

(a) संकेत (b) शारीरिक हाव-भाव

(c) चेहरे के हाव-भाव (d) ग्राफ द्वारा प्रस्तुति

(v) प्रबंध का कौन-सा कार्य सही व्यक्तियों को प्राप्त करने तथा उन्हें सही पदों पर नियुक्त करने में सहायता प्रदान करता है ?

(vi) प्रबंध एक __________ कार्य है, क्योंकि इसे पर्यावरण की आवश्यकताओं तथा व्यवसाय के विकास के अनुसार परिवर्तन ग्रहण करने होते हैं ।

(a) गतिशील (b) स्थिर

(c) विशिष्ट (d) मूर्त

(vii) सरकारी दृष्टिकोण से व्यवसाय के किसी एक सामाजिक उत्तरदायित्व पर प्रकाश डालिए ।

**4.** दिए गए ***6*** प्रश्नों में से किन्हीं ***5*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । *5×1=5*

(i) टेलर की कौन-सी तकनीक सुझाव देती है कि कुशल कामगारों को उच्च मजदूरी दी जानी चाहिए ?

(ii) "आकार एवं संगठन के प्रकार को ध्यान में नहीं रखते हुए प्रबंध प्रत्येक संगठनात्मक गतिविधि के लिए एक आवश्यक तत्त्व है ।" इस कथन में प्रबंध की कौन-सी विशेषता प्रतिबिम्बित होती है ?

(vi) Mention any one advantage of Information Technology.

(vii) "Understanding the perspective of the customer, providing quality products and meeting their demands," is which Social Responsibility of the business ?

**3.** Answer any ***6*** out of the given ***7*** questions. *6×1=6*

(i) Name the technique of Scientific Management which refers to the study of movement of an operator on machine involved in a particular task.

(ii) Name the need in which employee's desires, affection, companionship and friendship are included.

(iii) What is the type of leader who is able to command respect due to his position in the enterprise, called ?

(iv) Which of the following is ***not*** included in non-verbal communication ?

(a) Gestures (b) Body language

(c) Facial expression (d) Graphical presentation

(v) Which function of management helps in obtaining the right people and putting them on right jobs ?

(vi) Management is a __________ function, as it has to adopt the changes according to the need of the environment and growth of the business.

(a) Dynamic (b) Static

(c) Specific (d) Tangible

(vii) Highlight any one social responsibility of the business from Government's point of view.

**4.** Answer any ***5*** out of the given ***6*** questions. *5×1=5*

(i) Which technique of Taylor suggests that higher wages must be paid to efficient workers ?

(ii) "Management is an essential element of every organised activity irrespective of size and type of organisation." Which feature of management is reflected in this statement ?

(iii) सूचना प्रौद्योगिकी पर बढ़ती हुई निर्भरता के कारण निम्नलिखित में से कौन-सा एक मुद्दा उपयुक्त ***नहीं*** है ?

(a) सुरक्षा खतरे (b) निजता भंग होने की चिंता

(c) लाभप्रदता (d) इंटरनेट

(iv) किस प्रकार का नेता समूह के सदस्यों को विचार तथा राय साझा करने के लिए प्रोत्साहित करता है ?

(v) ग़ैर-सरकारी संस्थान को धन दान करना तथा प्राकृतिक आपदाओं में पीड़ित लोगों की सहायता करना, किस प्रकार के उत्तरदायित्व के उदाहरण हैं ?

(vi) *कॉलम I* में दी गई योजना के प्रकार को *कॉलम II* में दी गई उनसे संबंधित परिस्थितियों से मिलान कीजिए ।

| | *कॉलम I* | | *कॉलम II* |
|---|---|---|---|
| A. | प्रोग्राम | I. | कच्चे माल का क्रय 3 महीने के उधार पर किया जाएगा |
| B. | कार्यविधियाँ | II. | सरकार ने 'आत्मनिर्भर भारत' शुरू किया |
| C. | नीतियाँ | III. | कर्मचारी के चयन में अपनायी गई कार्यविधि |
| D. | बजट | IV. | अनुमानित रोकड़ अंत: प्रवाह तथा बाह्य प्रवाह |

(a) A-II, B-III, C-I, D-IV (b) A-III, B-I, C-IV, D-II

(c) A-II, B-IV, C-III, D-I (d) A-IV, B-II, C-I, D-III

**5.** दिए गए ***6*** प्रश्नों में से किन्हीं ***5*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । *5×1=5*

(i) _________ एक संगठन में कर्मचारियों की दक्षता, योग्यता तथा प्रभाव के मूल्यांकन की औपचारिक कार्यविधि है ।

(a) प्रेरण (b) अनुस्थापन

(c) प्रतिकर (d) निष्पादन मूल्यांकन

(ii) यदि एक संगठन भौतिक तथा मानव संसाधनों के लिए सही स्थान प्रदान नहीं करता है, तो कौन-से सिद्धांत की अवहेलना होती है ?

(iii) Which of the following is ***not*** a major issue arising out of the growing reliance on Information Technology ?

(a) Security threats (b) Privacy concern

(c) Profitability (d) Internet

(iv) Which type of leader encourages group members to share ideas and opinions ?

(v) Donating funds to NGO or helping the people affected by natural calamities are examples of which type of responsibility ?

(vi) Match the Types of Plans in *Column I* with their respective Situations in *Column II*.

| | *Column I* | | *Column II* |
|---|---|---|---|
| A. | Programmes | I. | Raw material will be purchased on 3 months credit |
| B. | Procedures | II. | Government initiated 'Atmanirbhar Bharat' |
| C. | Policies | III. | Process adopted in selection of an employee |
| D. | Budgets | IV. | Estimated cash inflows and outflows |

(a) A-II, B-III, C-I, D-IV (b) A-III, B-I, C-IV, D-II

(c) A-II, B-IV, C-III, D-I (d) A-IV, B-II, C-I, D-III

**5.** Answer any ***5*** out of the given ***6*** questions. *5×1=5*

(i) __________ is the formal procedure used in an organisation to evaluate the employees' efficiency, aptitude and efficacy.

(a) Induction (b) Orientation

(c) Compensation (d) Performance Appraisal

(ii) Which principle of management is violated if an organisation does not provide right place for physical and human resources ?

(iii) निम्नलिखित में से कौन-सा कथन मानसिक क्रांति का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है ?

(a) प्रबंधक एवं कामगार दोनों को एक दूसरे की आवश्यकता है ।

(b) कार्य को छोटे-छोटे भागों में बाँटा जाना चाहिए ।

(c) इसमें कामगारों तथा स्वामियों दोनों की सोच में परिवर्तन सम्मिलित है ।

(d) कामगारों को अधिक मजदूरी भुगतान किया जाना चाहिए ।

(iv) मास्लो के अभिप्रेरणा सिद्धान्त में आवश्यकता का उच्चतम स्तर कौन-सा है ?

(v) "किसी भी सूचना या संदेश को संप्रेषित करने से पूर्व यह निसंदिग्ध सही आँकड़ों द्वारा समर्थित होनी चाहिए ।" उपर्युक्त कथन में संचार का कौन-सा पहलू प्रतिबिम्बित होता है ?

(vi) निम्नलिखित में से कौन-सा निम्न स्तरीय प्रबंध से संबंधित पदनाम ***नहीं*** है ?

(a) अनुभाग अधिकारी (b) पर्यवेक्षक

(c) विपणन प्रबंधक (d) संयन्त्र अधीक्षक

**6.** दिए गए ***6*** प्रश्नों में से किन्हीं ***5*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । *5×1=5*

(i) __________ कार्य परिस्थितियों में परस्पर निर्भरता का प्रबंधन है ।

(a) संगठन (b) निर्देशन

(c) नियन्त्रण (d) समन्वय

(ii) निम्नलिखित में से कौन-सी नेतृत्व की एक शैली ***नहीं*** है ?

(a) निरंकुश नेतृत्व (b) लोकतान्त्रिक नेतृत्व

(c) परामर्शदायी नेतृत्व (d) श्रेष्ठता नेतृत्व

(iii) निम्नलिखित में से कौन-सा निर्देशन का एक तत्त्व ***नहीं*** है ?

(a) संचार (संप्रेषण) (b) अभिप्रेरणा

(c) नेतृत्व (d) चयन

(iv) सूचना प्रौद्योगिकी में कम्प्यूटर, नेटवर्क, मोबाइल, वायरलेस उपकरणों का उपयोग सम्मिलित होता है । सूचना प्रौद्योगिकी के अन्य दो पहलुओं की सूची दीजिए ।

(v) 'अधिकार' का क्या अर्थ है ?

(vi) 'नेतृत्व' का क्या अर्थ है ?

(iii) Which of the following statements best describes Mental Revolution ?

(a) Both manager and worker require each other.

(b) Work should be divided into small tasks.

(c) It implies change in attitude of both workers and owners.

(d) Worker should be paid more wages.

(iv) Which is the highest level of need in Maslow's Theory of Motivation ?

(v) "While communicating any information or message, it should be well-footed and backed with proper data." Which aspect of communication is reflected in the above statement ?

(vi) Which of the following is ***not*** a designation related to lower level management ?

(a) Section Officer (b) Supervisor

(c) Marketing Manager (d) Plant Superintendent

**6.** Answer any ***5*** out of the given ***6*** questions. *5×1=5*

(i) __________ is the management of interdependence in work situations.

(a) Organising (b) Directing

(c) Controlling (d) Coordinating

(ii) Which of the following is ***not*** a leadership style ?

(a) Autocratic leadership (b) Democratic leadership

(c) Consultative leadership (d) Superiority leadership

(iii) Which of the following is ***not*** an element of directing ?

(a) Communication (b) Motivation

(c) Leadership (d) Selection

(iv) Information Technology includes usage of computers, network, mobile, wireless devices. List two more aspects of Information Technology.

(v) What is meant by 'Authority' ?

(vi) What is meant by 'Leadership' ?

## खण्ड ख

**(विषयपरक प्रश्न)** **(30 अंक)**

*रोज़गार कौशल पर दिए गए **5** प्रश्नों में से किन्हीं **3** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 20 – 30 शब्दों में दीजिए ।* *3×2=6*

**7.** व्यक्तिगत विकार को दूर करने के कोई दो तरीके लिखिए ।

**8.** डिजिटल प्रस्तुतिकरण सॉफ्टवेयर के कोई दो लाभ लिखिए ।

**9.** एक उद्यमी द्वारा निष्पादित किए जाने वाले कोई दो कार्यों का उल्लेख कीजिए ।

**10.** निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए एक उद्यमी द्वारा "कार्य योजना" क्यों तैयार की जानी चाहिए ?

**11.** एक उद्यमी द्वारा सामना किए जाने वाले कोई चार पर्यावरणीय अवरोध लिखिए ।

*दिए गए **5** प्रश्नों में से किन्हीं **3** प्रश्नों के उत्तर 20 – 30 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए ।* *3×2=6*

**12.** उल्लेख कीजिए कि कैसे निर्देशन एक संगठन में समन्वय प्राप्त करने में सहायक होता है ।

**13.** विज्ञान के रूप में प्रबंध की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

**14.** संगठन द्वारा उपयोग किए जा रहे वित्तीय प्रोत्साहन के रूप में 'लाभ साझा करना' को समझाइए ।

**15.** 'मुक्त लगाम नेतृत्व' शैली के किन्हीं दो लाभों को समझाइए ।

**16.** "संगठन के भविष्य निर्धारण में नेताओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है ।" इस कथन के संदर्भ में नेतृत्व के महत्त्व के कोई दो बिन्दु दीजिए ।

*दिए गए **3** प्रश्नों में से किन्हीं **2** प्रश्नों के उत्तर 30 – 50 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए ।* *2×3=6*

**17.** औपचारिक संचार के किन्हीं तीन लाभों का उल्लेख कीजिए ।

**18.** आदेश की एकता का क्या अर्थ है ? यह निर्देशन की एकता से किस प्रकार से भिन्न है ?

**19.** "आवश्यकता का अनुक्रम कोई नहीं है तथा किसी आवश्यकता को पूरा करने की चाहत को किसी भी समय पर क्रियाशील किया जा सकता है ।" उपर्युक्त पंक्तियों में संदर्भित अभिप्रेरणा के सिद्धान्त की पहचान कीजिए तथा समझाइए ।

## SECTION B

**(Subjective Type Questions)** **(30 marks)**

*Answer any* ***3*** *out of the given* ***5*** *questions on Employability Skills. Answer each question in 20 – 30 words.* *3×2=6*

**7.** Write any two ways to overcome Personality Disorder.

**8.** Write any two advantages of Digital Presentation Software.

**9.** Mention any two functions performed by an entrepreneur.

**10.** Why should an entrepreneur prepare an "action plan" to achieve the set goals or targets ?

**11.** Write any four ways to overcome environmental barriers faced by an entrepreneur.

*Answer any* ***3*** *out of the given* ***5*** *questions in 20 – 30 words each.* *3×2=6*

**12.** State how Directing helps to achieve Coordination in the organisation.

**13.** Discuss any two features of Management as a Science.

**14.** Explain 'Profit Sharing' as a financial incentive being used by the organisation.

**15.** Explain any two advantages of 'Free-rein Leadership' style.

**16.** "Leaders have an important role in determining the organisation's future." In the light of the above statement, give any two points of significance of leadership.

*Answer any* ***2*** *out of the given* ***3*** *questions in 30 – 50 words each.* *2×3=6*

**17.** State any three advantages of Formal Communication.

**18.** What is meant by Unity of Command ? How is it different from Unity of Direction ?

**19.** "There is no hierarchy of needs and any desire to fulfil a need can be activated at any point of time." Identify and explain the Motivation Theory being referred to in the above lines.

*दिए गए **5** प्रश्नों में से किन्हीं **3** प्रश्नों के उत्तर 50 – 80 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए ।* *3×4=12*

**20.** सूरज एक छोटा उद्यमी है । वह एक बड़ी ऑटोमोबाइल कम्पनी का एक विशिष्ट पुर्जा उत्पादन का कार्य करता है । उसका उद्यम उसके मूल ग्राम में स्थित है जहाँ पर उसने ग्रामीणों को रोज़गार दिया हुआ है । वह यह भी सुनिश्चित करता है कि उसके कारखाने की मशीन किसी भी प्रकार का प्रदूषण न उत्पन्न करे । उसने सभी अनपढ़ कामगारों के लिए एक रात्रि विद्यालय भी खोला है । एक उद्यमी के नाते सूरज द्वारा निष्पादित कोई दो सामाजिक उत्तरदायित्वों को पहचानिए और समझाइए ।

**21.** श्रेया एक पोशाक रूपांकक (डिज़ाइनर) है तथा स्वयं का ऑनलाइन डिज़ाइन स्टूडियो शुरू करना चाहती है । परन्तु ऑनलाइन व्यवसाय के बारे में उसके अभिभावक शंकित हैं । वे एक छोटे शहर में रहते हैं तथा उन्होंने बहुत से ऑनलाइन व्यवसायों के बन्द होने के बारे में सुना है । श्रेया के अभिभावकों द्वारा ऑनलाइन व्यवसाय करने के बारे में शंकित होने के किन्हीं चार कारणों का उल्लेख कीजिए ।

**22.** ब्लेसड फूड एग्रो लिमिटेड ने अपने पिछली तिमाही बिक्री में 27% के लाभ की कमी की घोषणा की । यह कम्पनी की पूर्व निर्धारित 15% की सीमा से अधिक है । यह कच्चे माल की अधिक लागत के कारण है । अपने भविष्य के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए कम्पनी प्रचालन प्रक्रियाओं का पुनर्गठन करके अब लागत में कमी करने को क्रियान्वित करने का लक्ष्य बनाती है ।

(a) उपर्युक्त स्थिति में प्रकाश डाले गए प्रबंध के कार्य की पहचान कीजिए ।

(b) उपर्युक्त में पहचान किए गए प्रबंध कार्य के अन्तिम दो चरण समझाइए ।

**23.** "प्रत्येक प्रबंधक अपने समय का एक भाग प्रशासनिक कार्य के निष्पादन पर लगाता है तथा शेष प्रबंध कार्य के लिए ।"

उपर्युक्त कथन के आलोक में, प्रबंध के विभिन्न स्तरों पर निष्पादित किए जाने वाले प्रबंध एवं प्रशासनिक कार्यों में कोई चार अन्तर दीजिए ।

**24.** संजय अपनी कम्पनी के विपणन विभाग का प्रमुख है । हाल ही में उसने विभिन्न मुद्दों पर अपनी टीम के सदस्यों के सुझाव जानने के लिए बैठकों की एक शृंखला आयोजित की । उसके अधीनस्थों ने कोई भी बड़ा निर्णय लेने से पूर्व परामर्श करने की उसकी आदत की सराहना की ।

(a) उपर्युक्त पंक्तियों में संदर्भित एक अच्छे नेता के गुणों की पहचान कीजिए ।

(b) एक अच्छे नेता के किन्हीं अन्य तीन गुणों को समझाइए ।

*Answer any **3** out of the given **5** questions in 50 – 80 words each.* *3×4=12*

**20.** Suraj is a small entrepreneur. He deals in manufacturing a particular component for a big automobile company. His establishment is in his native village where he has given employment to villagers. He also ensured that the machines in his factory do not create any kind of pollution. He has also organised a night school for all the illiterate workers. Identify and explain the two types of social responsibilities Suraj is performing as an entrepreneur.

**21.** Shreya is a dress designer and wants to launch her own online design studio. But her parents are apprehensive of doing business online. They are staying in a small town and have heard about many online businesses being closed down. State any four reasons for Shreya's parents being apprehensive of doing online business.

**22.** Blessed Food Agro Ltd. reported 27% reduction in its profits in the last quarter sales. It is beyond the range of 15% as pre-decided by the company. This was due to high cost of raw material. The company now aims to implement cost saving measures by restructuring operational process to meet its future targets.

(a) Identify the function of management highlighted in the above case.

(b) Explain the last two steps of the above identified function of management.

**23.** "Every manager spends a part of his time in performing administrative functions and the remaining in management functions."

In the light of the above statement, enumerate any four differences between management and administrative functions being performed by various levels of management.

**24.** Sanjay is the head of Marketing Department of his company. Recently he organised a series of meetings to know the suggestions of his team members on various issues. His subordinates appreciated his habit of consulting his team before taking any major decisions.

(a) Identify the quality of a good leader being referred to in the above lines.

(b) Explain any three more qualities of a good leader.